आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 11.08.2025 समय : 18.30 पीएम

- केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज झुंझुनूं से पीएम फसल बीमा योजना की क्लेम राशि का भुगतान किया–देशभर के 35 लाख से अधिक किसानों को 3 हजार 900 करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित।

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–21वीं सदी का भारत अपनी जिम्मेदारियों के प्रति संवेदनशील और विकास के लिए आकांक्षी है।

- केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने हर घर तिरंगा अभियान को लोगों को स्वतंत्रता सेनानियों से जोड़ने का बड़ा उत्सव बताया।

- मॉनसून की रफ्तार सुस्त बनी रहने से प्रदेशभर में बारिश की गतिविधियों में कमी–15 अगस्त से बरसात का दौर फिर शुरू होने के आसार।

000

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के क्लेम भुगतान के रूप में आज देश के 35 लाख से अधिक किसानों को 3 हजार 900 करोड़ रुपये की राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की गयी। इसमें राजस्थान के 9 लाख 70 हजार किसानों को 1 हजार 400 करोड़ की राशि हस्तांतरित की गयी। झुझुंनू में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रिमोट का बटन दबाकर यह राशि किसानों के खातों में हस्तांतरित की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री चौहान ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार ने फसल बीमा योजना में व्यापक सुधार किये हैं, जिसके फलस्वरूप अब एक गांव में फसल का नुकसान होता है तो भी किसान को बीमा दावा मिलता है। उन्होंने कहा कि 2016 से अब तक देश के किसानों को फसल बीमा क्लेम के रूप में 2 लाख 12 हजार करोड़ रूपये से अधिक की राशि मिल चुकी है। श्री चौहान ने कहा कि किसानों की आय बढाकर उन्हें समृद्ध बनाने के लिए केंद्र सरकार लगातार फैसले कर रही है। केंद्रीय मंत्री ने नकली खाद और बीज बेचने वालों को चेतावनी दी और कहा कि किसानों को धोखा देने वालों को बख्शा नहीं जायेगा। उन्होंने कहा कि नकली खाद और बीज बनाने और बेचने वालों पर कड़ी कार्रवाई के लिए जल्द ही नया कानून लाने की तैयारी चल रही है।

...............

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने किसानों से वैज्ञानिक पद्धति से खेती करने और उर्वरकों का संतुलित मात्रा में उपयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मिट्टी के परीक्षण के बाद ही उवर्रकों का जरूरत के हिसाब से उपयोग किया जाना चाहिए।

...............

कार्यक्रम में केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी, राज्य के कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा, झुंझुनूं जिला प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ बड़ी संख्या में किसान और पशुपालक शामिल हुए।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि 21वीं सदी का भारत अपनी जिम्मेदारियों के प्रति संवेदनशील है और विकास के लिए आकांक्षी है। श्री मोदी आज नई दिल्ली में सांसदों के लिए बनाए गए नए फ्लैट्स के उद्घाटन के मौके पर बोल रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि विभिन्न राज्यों के सांसद इन आवासों में एक साथ रह सकेंगे, जोएक भारत–श्रेष्ठ भारत के दृष्टिकोण का परिचायक है। उन्होंने कहा कि सांसद नए सांसद नए फ्लैट्स में रहते हुए अपना समय और ऊर्जा बेहतर तरीके से जनता की समस्याओं के समाधान में लगा पाएंगे।

000

नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा आज भरतपुर दौरे पर रहे। उन्होंने सर्किट हाउस में भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। उन्होंने नगर निगम में अधिकारियों की बैठक लेकर शहर में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। श्री खर्रा ने शहर में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया। बाद में उन्होंने पौधा लगाकर हरित राजस्थान का संदेश दिया।

000

प्रदेश में गृह रक्षा स्वंयसेवकों की सदस्यता अवधि को पांच साल बढ़ाकर 15 साल किया गया है। पुलिस महानिरीक्षक संदीप सिंह चौहान ने बताया कि गृह रक्षा विभाग में 3 हजार 842 गृह रक्षा स्वयंसेवकों के लिए नामांकन प्रक्रिया अगले महीने होगी। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा पिछले साल नये प्रावधान लागू कर स्वंय सेवकों का मानदेय बढ़ाया गया है।

श्री चौहान ने बताया कि स्वयंसेवकों के नामांकन की चयन प्रकिया में मौखिक व्यक्तिगत परीक्षण को हटाकर शारीरिक दक्षता के 25 अंकों और विशेष योग्यता के 20 अंकों सहित कुल 45 अंकों के आधार पर मेरिट सूची तैयार की जाएगी।।

000

केन्द्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा है कि हर घर तिरंगा अभियान एक उत्सव ही नहीं, बल्कि देश के लोगों को स्वतंत्रता सेनानियों से जोड़ने और उन्हें श्रद्धांजलि देने का अवसर है। श्री शेखावत ने आज मीडिया को अभियान की तैयारियों और कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए कहा कि तिरंगा लहराने से लोगों में देशभक्ति की भावना जागृत होती है और देश के लिए सर्वस्व न्यौछावर की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि राज्य की सरकारों के साथ समन्वय कर तिरंगे की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है।

000

प्रदेशभर में हर घर तिरंगा अभियान के तहत आज भी कई गतिविधियां आयोजित हुईं। भरतपुर में तिरंगा साइकिल रैली निकाली गई। जिला कलेक्टर कमर चौधरी ने पुलिस परेड ग्राउंड से रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में प्रशासनिक अधिकारी, पुलिसकर्मी, एनसीसी कैडेट्स स्काउट गाइड और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए। पाली में निकाली गई रैली में आमजन के साथ भूतपूर्व सैनिक और बड़ी संख्या में युवा शामिल हुए। बाड़मेर में अभियान के तहत सार्वजनिक स्थलों और जलाशयों पर श्रमदान किया गया। कोटपूतली–बहरोड़ में स्कूली बच्चों ने रैली निकालकर राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। सरदार स्कूल की एनसीसी कैडेट इशिका ने बताया कि रैली में शामिल होकर उन्हें गर्व का अनुभव हो रहा है।

...............

सलूम्बर के सराड़ा में आयोजित रैली में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ ग्रामीणों ने भाग लिया। जिला कलेक्टर अवधेश मीणा ने आमजन से हर घर तिरंगा अभियान में अधिक से अधिक भाग लेने और इसे जनआंदोलन बनाने की अपील की।

...............

झालावाड़ जिला कलेक्टर अजय सिंह राठौड़ ने विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों को अपने घरों पर तिरंगा फहराने की शपथ दिलवाई। बालोतरा के समदड़ी में देशभक्ति गीतों पर निकाली गई रैली में बड़ी संख्या में आमजन और विद्यार्थी शामिल हुए।

000

स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर प्रदेशभर में सतर्कता बढ़ा दी गई है। इस बार राज्य स्तरीय समारोह जोधपुर में हो रहा है। इसे देखते हुए संभागभर में निगरानी बरती जा रही है। बाहर से आकर होटलों और धर्म शालाओं में ठहरने वालों की नियमित जांच की जा रही है। राज्य से लगती भारत–पाक अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर संभावित किसी भी तरह की घुसपैठ को देखते हुए बीएसएफ की ओर से आज से ऑपरेशन हाईअलर्ट चलाया गया है। बीएसएफ उपमहानिरीक्षक योगेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि 17 अगस्त तक चलने वाले इस ऑपरेशन के तहत नियमित गश्त के साथ अतिरिक्त चौकसी बढ़ाई गई है। उन्होंने बताया कि उत्तरी क्षेत्र के जवानों के साथ उनकी हौसला अफज़ाई करने के लिए अधिकारी भी तैनात किये गये हैं।

000

प्रदेश में पश्चिमी हवाओं के प्रभाव से मॉनसून की रफ्तार सुस्त बनी हुई है। मॉनसून ट्रफ रेखा पंजाब से होकर गुजर रही है। इसके प्रभाव से अगले 3–4 दिन राज्य के अधिकांश भागों में बारिश के आसार कम ही हैं। मौसम विभाग के अनुसार 14 अगस्त के बाद बंगाल की खाड़ी से आने वाली पूर्वी हवाएं सक्रिय होंगी। इससे राज्य के पूर्वी हिस्सों में 15 अगस्त से तथा पश्चिमी राजस्थान के कुछ भागों में 16 अगस्त से बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी होने की संभावना है। विभाग के अनुसार 15 अगस्त को कोटा और 16 अगस्त को उदयपुर संभाग में कहीं–कहीं भारी बारिश की संभावना है। इस बीच, बीते 24 घंटों में बारां, भरतपुर, दौसा, सीकर और झुंझुनूं सहित कई जिलों में हल्की बारिश दर्ज की गई। सबसे ज्यादा 5 सेंटीमीटर वर्षा बारां के अटरू में रिकॉर्ड हुई।

000

प्रदेश में मौसमी बीमारियों पर नियंत्रण और रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से इन दिनों विशेष अभियान चलाया जा रहा है। स्वास्थ्य दल आपके द्वार अभियान के तहत लोगों को मलेरिया, डेंगू और दूसरी मच्छर जनित बीमारियों के बारे में सचेत किया जा रहा है। इसी कड़ी में डीग में जल भराव वाले क्षेत्रों में एंटी लार्वा घोल का छिड़काव करने के साथ मच्छर मारने की दवाईयां डाली जा रही हैं। हमारी संवाददाता ने बताया कि अभियान में जनप्रतिनिधि भी बढ़चढ़ कर भाग ले रहे हैं।

...............